भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2139

12 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स मदुरै के निर्माण में देरी

†2139. श्री डी. एम. कथीर आनंदः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या एम्स मदुरै के निर्माण में अनुचित देरी हो रही है और यदि हाँ, तो निर्माण की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है और इसे शीघ्र पूरा कराने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) और केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई निधि की राशि कितनी है और जेआईसीए से निधि प्राप्त करने में देरी के क्या कारण हैं; और

(ग) अब तक एम्स, मदुरै के निर्माण पर कितनी राशि खर्च की गई है और उक्त एम्स का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत, अखिल भारतीय चिकित्सा संस्थान (एआईआईएमएस), मदुरै को 2021.51 करोड़ रुपये की लागत पर संस्वीकृति प्रदान की गई है। दिनांक 30.11.2025 तक की स्थिति के अनुसार, संस्थान के निर्माण कार्य की प्रगति 42% है। अब तक, मंत्रालय ने एआईआईएमएस, मदुरै के निर्माण के लिए 421.02 करोड़ रुपये जारी किए हैं। यह परियोजना जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) के माध्यम से अतिरिक्त बजटीय संसाधनों (ईबीआर) के तहत वित्त पोषित की जा रही है, जिसके लिए 22,788,000,000 जापानी येन तक का ऋण उपलब्ध है। मार्च, 2021 में जापान सरकार और भारत सरकार के बीच हस्ताक्षरित ऋण समझौते के अनुसार, परियोजना के पूर्ण होने की लक्षित तिथि अक्टूबर, 2026 है।

संस्थान और मंत्रालय स्तर पर परियोजना की प्रगति और निधि जारी करने की नियमित निगरानी की जा रही है। परियोजना के सुचारू कार्यान्वयन की निगरानी और उसे सुगम बनाने के लिए तमिलनाडु सरकार के प्रधान सचिव (स्वास्थ्य) की अध्यक्षता में एक संचालन समिति का गठन भी किया गया है।

*****